संख्या-21/2015/715 ई-2/तेरह-2015-107/2013

प्रेषक,

किशन सिंह अटोरिया,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक: 28 अप्रैल,2015

विषय:-पेट्रोल में ब्लेण्डिंग हेतु एथेनाल की आपूर्ति में होने वाली कठिनाईयों का निवारण।

---

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-523 ई-2/तेरह-2015-107/2013, दिनांक 12-3-2015, पत्र संख्या-599 ई-2/तेरह-2015-107/2013,दि0 18-3-2015 तथा अपने पत्र संख्या-जी-168/दो-805ए/पावर अल्कोहल, दिनांक 30 मार्च,2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार की नीति के अनुसार पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथेनाल ब्लेण्डिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। चीनी मिल एसोसियेशन और पेट्रोलियम कम्पनीज द्वारा इस कार्यक्रम के संचालन में आ रही कठिनाईयों एवं उनके प्रत्योत्तर का उल्लेख आपके उपर्युक्त संदर्भित पत्रों में किया गया है, को विभिन्न स्तरों पर उठाते हुये निराकरण की मांग की जा रही है। ऐसी स्थिति में आपसे अनुरोध है कि कृपया पेट्रोल में 10 प्रतिशत एथेनाल ब्लेण्डिंग कार्यक्रम के सुगम संचालन हेतु विशेष ध्यान देकर प्रदेश में स्थित एफ0एल0-41 अनुज्ञापन प्राप्त पेट्रोलियम कम्पनीज के डिपुओं को एथेनाल की सुगम एवं निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं कार्यालयों को आवश्यक निर्देश देने एवं अपने स्तर पर इसका सतत् अनुश्रवण करते रहने का कष्ट करें।

भवदीय,
( किशन सिंह अटोरिया )
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/go/intra